हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

वर्ष : 01 अंक–175 : जौनपुर, मंगलवार 14 मार्च 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## नाटू नाटू गीत को ऑस्कर मिलना भारतीय कला क्षेत्र में 'अमृत काल' का प्रतीक –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'दि एलिफेंट व्हिस्पर्स' और 'आरआरआर' फिल्म की पूरी टीम को बधाई देते हुए इस उपलब्धि को अतुल्य और अद्वितीय बताया है। सीएम योगी ने अपने ट्वीट में आरआरआर के गीत 'नाटू नाटू' को प्रतिष्ठित ऑस्कर जीतकर भारतीय फिल्म उद्योग को गौरवान्वित करने के लिए बधाई दी है। उन्होंने लिखा है कि यह जीत वास्तव में भारतीय कला क्षेत्र में अमृत काल का प्रतीक है। बता दें कि लॉस एंजलिस स्थित डॉल्बी थिएटर में आयोजित 95वें ऑस्कर अवॉर्ड्स 2023 में भारतीय फिल्म आरआरआर के नाटू नाटू गीत को बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग और दि एलिफेंट व्हिस्पर्स को बेस्ट शॉर्ट



फिल्म कैटेगरी में पुरस्कृत किया गया है।

## स्मारक देख कर जवानों को याद करेगें और देश प्रेम की भावना जागृत होगी –ब्रिगेडियर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नगर के सोलजर बोर्ड चौराहा से हटाये गये अमर जवान स्मारक को शहीद स्मारक के पास सम्मान स्थापना हो जाने पर आज अमर जवान स्मारक स्थल पर मुख्य अतिथि सिक्ख लाइव इन्फैंटी रेजीमेंट कामाडेड ब्रिगेडियर चन्द्र शेखर अग्रवाल ने अमर जवानों की याद में पुष्प चक्र अर्पित कर सलामी ली। कार्यक्रम में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ओपी मिश्रा, पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक अग्निहोख, शहीद उद्यान सेमरिया के अध्यक्ष अभय शंकर गौड़ तथा अधिशसी अधिकारी नगर पालिका परिषद रवि शंकर शुक्ल ने भी अमर जवान स्मारक पर पुष्प चक्र अपिर्त कर अमर जवानों को सलामी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने अमर जवान स्मारक को शहीद उद्यान में भव्य रूप स्थापित कराने पर विशेष कर डीएम, एमपी सिंह तथा ईओ की सराहना की। उन्होने कहा कि शहीद उद्यान में सुबर–शाम अधिक–अधिक लोग आते है और वह अमर जवान स्मारक को देख कर वीर जवानों को याद करेगें और ह्दय में देश प्रेम की भावना जागृत होगी। अमर जवान स्मारक के



सम्बन्ध में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि सोलजर बोर्ड चौराहे पर अमर जवान स्मारक स्थापित होने से रोज जाम की स्थिति उत्पन्न होने के साथ दुर्घटनाओं से बार–बार स्मारक क्षति ग्रस्त होने को ध्यान में रखते हुए तथा सैनिक कल्याण अधिकारी के कहने पर उक्त चौराह से अमर जवान स्मारक को हटाकर नगर पालिका के सहयोग से शहीद उद्यान में स्थापित कराया गया है और अब स्मारक यहां सुरक्षित रहेगा तथा स्मारक देखने में लोगों को असुविधा भी नहीं होगी। कार्यक्रम पुष्प चक्र अर्पित के उपरान्त अमर जवानों की याद में समस्त उपस्थित अतिथियों ने खड़े होकर बैण्ड की धुन पर उन्हें श्रद्धाजंलि/सलामी दी और राष्ट्रगान धुन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## इप्सेफ के प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर नई दिल्ली में मांगों पर विस्तार से की चर्चा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के प्रति पूरी सहानुभूति है ।उनकी समस्याओं पर सकारात्मक निर्णय करने का प्रयास करेंगे । इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन का 7 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल वी पी मिश्र के नेतृत्व में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल में सर्वश्री प्रेमचंद्र महासचिव ,अतुल मिश्रा राष्ट्रीय सचिव ,अजय वीर यादव अध्यक्ष दिल्ली व सुरेश रावत आदि शामिल थे। वी पी मिश्रा ने मांग पत्र रक्षा मंत्री जी के समक्ष रखा जिसमें प्रमुख पुरानी पेंशन की बहाली ,आउटसोर्सिंग /संविदा /तदर्थ कर्मचारियों के विनियमितीकरण के नीति लाने एवं सरकारी तंत्र को समाप्त करके निजी क्षेत्र में सौपने आदि मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रेम चंद्र ने मांग रखते हुए कहा कि ओ पी एस को समाप्त कर पुरानी पेंशन लागू करने की मांग पर देश भर के लाखों कर्मचारी एवं शिक्षक परिवार नाराज एवं आक्रोशित हैं और आंदोलन के लिए बाध्य कर रहे हैं ।इसलिए ओ पी एस को बहाल करना कर्मचारियों के परिवार के हित में है। अतुल मिश्रा राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि ओ पी एस की बहाली के साथ साथ देश भर में आउटसोर्सिंग /संविदा एवं तदर्थ रूप से लाखों नौजवानों का भविष्य अंधकार में है ।उन्हें ना तो सम्मानजनक वेतन मिलता है ना उनकी सेवाएं सुरक्षित हैं ।उन्हें एजेंसी कर्मचारी माना जाता है ।इसलिए उनके भविष्य के लिए एक नीति बनाकर नियमित किया जाए। सुरेश रावत ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग सहित कई विभागों में निजीकरण कर पी पी पी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज बनाने से सरकार



के काम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ।इसलिए सरकारी तंत्र में निजी करण ना किया जाए। श्री सिंह पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य दोनों के संबंध में इप्सेफ अपना तर्कसंगत प्रस्ताव को भारत सरकार को प्रस्तुत करे तो उस पर गंभीरता से सकारात्मक समाधान निकालने का प्रयास करेगी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के वित्तीय अधिकारी कहते हैं कि वह ओ पी एस से ज्यादा लाभदायक एनपीएस है ।उसमें ज्यादा पेंशन धनराशि मिलेगी उन्होंने कहा कि इप्सेफ के पदाधिकारी भी उस मांगों पर अध्ययन करके अपना भी तर्कसंगत प्रस्ताव उनके समक्ष प्रस्तुत करें जिससे दोनों पक्षों के प्रस्तावों पर वे दोनों पक्षों से बात कर कर्मचारियों के हित में निर्णय कराने का पूरा प्रयास करेंगे। श्री सिंह ने विश्वास दिलाया कि उनका पूरा प्रयास कर्मचारियों की तीनों मांगों के प्रति सकारात्मक है और उच्च स्तर पर बातचीत करके निर्णय का पूरा प्रयास करेंगे। इप्सेफ नेताओं ने रक्षा मंत्री का कर्मचारियों की मांगों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अजय मिश्र ने अपनी माता की याद में रंगकर्मियों के लिए शुरुआत की पेंशन पुरस्कार योजना

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : आवास थियेटर और अभियान थियेटर के सयुंक्त तत्वावधान में साहित्यकार, कवि व पटकथा लेखक अजय कुमार मिश्र 'अजय ने अपनी माता स्व.गायत्री देवी मिश्र की याद में रंग मंच से जुड़े कलाकारों के लिए प्रथम वार्षिक पेंशन योजना एंव रंगकर्मी गोपाल कृष्ण के द्वारा वरिष्ठ थियेटर आर्टिस्ट स्व.अजनी सिंह की याद में तीसरी छात्र वृति योजना का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन गोरखपुर के सिनेमा रोड स्थित शाही मार्केट में किया गया। कार्यक्रम में स्वर्गीय गायत्री देवी मिश्र रंगकर्म वार्षिक पेंशन पुरस्कार शशिकांत त्रिपाठी को व स्वर्गीय अंजनी सिंह छात्रवृति पुरस्कार प्रिया गुप्ता को दिया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अजय कुमार मिश्र उर्फ अजय श्री ने कहा कि थियेटर आर्टिस्ट वर्तमान में उपेक्षा के शिकार हैं रंगकर्म से वर्षो जुड़े होने व रंगकर्म में अतुलनीय योगदान के बाद भी उन्हें भुला दिया जाता है ।रंगकर्मियों के प्रोत्साहन हेतु हमारा यह छोटा सा प्रयास है ।उन्होंने प्रदेश सरकार से थिएटर आर्टिस्टों के लिए आर्थिक मदद की मांग की। बता दें



कि अजय कुमार मिश्र उर्फ अजय श्री वर्तमान में परिवार कल्याण विभाग में गीत नाट्य अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं ।साथ ही थिएटर अभिनय में गोरखपुर से जुड़े हैं। अजय मिश्र साहित्यकार के साथ ही पटकथा लेखक व कवि के रूप में जाने जाते हैं ।इनकी लिखी स्क्रिप्ट पर शार्ट फिल्म राधा मंगलामुखी ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। कार्यक्रम के मुख्य अथितिसाहित्यकार वागेश्वरी प्रसाद मिश्र ''बागीश'',विशिष्ट अतिथि लेखक फिल्म कलाकार कृष्ण गोपाल, रंगकर्म निदेशक श्रीनारायण के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया ।इस अवसर पर रंगकर्म हे जुडे छात्र एव वरिष्ठ रंगकर्मी, अजीत सिंह, संजय मिश्र सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 25 अराजपत्रित महिला पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए किया गया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। देवेन्द्र सिंह चौहान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन मुख्यालय के सभागार में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पुलिस कर्मियों को सम्मानित करने सहित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशान्त कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था उवप्रव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में नीरा रावत, अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन द्वारा महिला सुरक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे विभिन्न कार्यों, आज के कार्यक्रम, पैनल डिस्कशन से सम्बन्धित कम्युनिटी इंगेजमेंट के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गयी व महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों को कम्युनिटी इंगेजमेन्ट में सम्मिलित करते हुए किस प्रकार सकारात्मक परिणाम प्राप्त किया जा सकता है, इस पर प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम में ''Community Engagement for Women Empowerment'' विषय पर एक पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। इस पैनल में समाज के विभिन्न वर्गों व बुद्धिजीवियों को रिप्रेजेंट करने वाले लोगों का प्रतिनिधित्व किया गया है। पैनल में मिस उपमा चतुर्वेदी (अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेजेस), डॉ० नेहा आनन्द (साइकोलोजिस्ट), मानिनी श्रीवास्तव असिस्टेंट प्रोफेसर साइकोलॉजी / कोऑर्डिनेटर इंस्टिटयूट फॉर वीमेन इस्टडीज, लखनऊ विश्वविद्यालय, प्रीती जग्गी (होम मेकर) एवं रोहन प्रमोद बोत्रे, पुलिस अधीक्षक, WCSO उपस्थित रहे। परिचर्चा के दौरान कम्युनिटी इंगेजमेंट के अन्तर्गत घर से ही महिला सशक्तिकरण की शुरूआत सोच में बदलाव आज के युवाओं द्वारा रोल मॉडल प्रस्तुत करना व इसके क्रियान्वयन के विभिन्न तरीकों, प्रभाव व इसके परिणाम पर विस्तृत परिचर्चा की गयी। पैनल का संचालन नीति द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन द्वारा किया गया। इस मुख्यालय द्वारा महिला सुरक्षा / 1090 की सेवाओं के प्रचार–प्रसार तथा महिला पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारियों व चुनौतियों और उ0प्र0 में हो रहे बदलावों पर तैयार करायी गयी 02 लघु फिल्मों का अनावरण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया है, इसके साथ ही मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था द्वारा प्रदेश के विभिन्न कमिश्नरेट / जनपदों, यू0पी0–112 तथा महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन 1090 में कर्तव्यरत रहते हुए



महिला सुरक्षा व सम्मान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 अराजपत्रित महिला पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया है। मुख्य अतिथि महोदया द्वारा प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाली सभी महिला पुलिस कर्मियों को विशेष रूप से जनपद – कौशाम्बी की सुशीला तिवारी जिन्होने अज्ञात गूंगी / बहरी, निराश्रित महिला को आश्रय गृह में आवासित कराने, जनपद सोनभद्र की महिला आरक्षी फूलमती द्वारा चाकूबाजी की घटना में अदम्य साहस का परिचय देते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कराने तथा कमिश्नरेट प्रयागराज की महिला आरक्षी गीता यादव द्वारा गुमशुदा महिला की बरामदगी में विशेष योगदान देने के लिए बधाई एवं प्रशंसा की गयी। इस अवसर पर प्रशान्त कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था ने अपने उद्बोधन में सरकार व उ०प्र० पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु किये जा रहे विभिन्न कार्यों / कार्यक्रमों तथा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत संचालित विभिन्न परियोजनाओं व अभियानों यथा–महिला हेल्प डेस्क की स्थापना, महिला बीट प्रणाली का सुदृढीकरण, एण्टी रोमियों स्क्वाड, सेफ सिटी परियोजना इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा इस दिशा में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन 1090 को उनके द्वारा किये जा रहे विभिन्न प्रयासों विशेषकर महिला अपराध से सम्बन्धित ITSSO Portal के प्रभावी अनुश्रवण द्वारा देश में प्रदेश को प्रथम स्थान दिलाने व सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम से संचालन हेतु भूरि–भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के पुलिस उपमहानिरीक्षक योगेश सिंह, पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह, रोहन प्रमोद बोत्रे, रूचिता चौधरी, राज्य रेडियो अधिकारी राघवेन्द्र कुमार द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र कुमार, नीति द्विवेदी, पुलिस उपाधीक्षक सौम्या पाण्डेय, विनोद कुमार यादव के साथ महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण, इलेक्ट्रानिक व प्रिंट मीडिया के सम्मानित पत्रकार सहित 100 से अधिक लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## डिस्कवरी लैब में स्थापित उपकरण के बारे में जिलाधिकारी ने ली जानकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला प्रशासन द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रदर्शन कलेक्ट्रट के विकास भवन के सामने



हुआ है, जिसमे बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्थापित किये गए डिस्कवरी लैब के उपकरण के बारे में जिलाधिकारी अनुज झा द्वारा बच्चों से जानकारी ली गई। इस दौरान उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी सीलम साई तेजा और जिला विकास अधिकारी बी बी सिंह उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने लैब में रखे उपकरण दिन रात के बारे में कक्षा पांच की छात्र मयंक प्रजापति , अंश कुमार, स्मिता वर्मा से सवाल पूछा तो उसने बेवाकी से जबाब दिया। इसके साथ ही टेलिस्कोप, माइक्रासकोप, सौरमंडल के बारे में भी सवाल पूछा तो बच्चों ने विधिवत जबाब दिया। कक्षा 4 के दिव्यांग छात्र शिवम ने 42 का पहाड़ा सुनाया तो मानवी प्रजापति से राज्यों की राजधानी को बेझिझक होकर जवाब दिया। प्रधानाध्यापक अमित सिंह ने डिस्कवरी लैब के बारे में जानकारी दिया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्थापित इस डिस्कवरी लैब का सिकरारा के प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर के बच्चों द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। डिस्कवरी लैब के उपकरणों के बारे में जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से आज सिरकोनी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय चकताली व कंपोसिट विद्यालय शिवापार के बच्चों का विजिट भी कराया गया। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरख नाथ पटेल ने बताया कि इस तरह के 210 डिस्कवरी लैब स्थापित कराए जा रहे है इससे बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण स्थापित होगा। इस अवसर पर बीइओ करंजाकला श्रवण यादव बीइओ सिकरारा आनंद प्रकाश सिंह एसआरजी अजय मौर्य एआरपी शैलेश चतुर्वेदी उषा सिंह दिनेश मौर्य मनोज यादव दिनेश यादव श्यामधर यादव रीनू आर्या इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दुर्गा महोत्सव पंडाल व अन्य कार्यक्रमों के स्थलों पर जाकर किया स्थलीय निरीक्षण

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : क्षेत्र में नारी सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए इस नवरात्र 9 दिनों का एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। एडिशनल एसपी दुर्गेश कुमार सिंह के निर्देश पर 22 मार्च से



31 मार्च तक महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष जोर दिया जाएगा। पुलिस ,स्कूल चौराहों व बाजारों महिला जागरूकता अभियान चलाएगी। एडिशनल एसपी ने दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि नवरात्र से राम नवमी तक चलने वाले इस विशेष अभियान में ग्राम पंचायत से लेकर स्कूल कैम्पस , दुर्गा पंडालों , हर जगह महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के भाव को बढ़ाने के लिए मिशन रूप में काम किया जायेगा। कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने कहा कि हमें नवरात्र के वास्तविक भाव को धरातल में उतारना होगा। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला समृद्ध समाज का आधार है। उन्होंने हर नारी की सुरक्षा, गरिमा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने का संकल्प लेते हुए मिशन शक्ति को सफल बनाने का निर्देश दिया। नवरात्र पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था का खाका कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने खींच दिया है। क्षेत्र की बहन– बेटियां अपने घर से निकलकर सुरक्षित मंदिर पहुंचे और पूजा पाठ करें। इसके लिए पुलिस ने गश्त जारी रखा। गश्त की कमान कोतवाल खुद संभाले रहे। कोतवाल ने गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। कहा कि जनता में सुरक्षा का एहसास कराने के लिए गश्त किया गया है। नवरात्र पर्व में बहन–बेटियां अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सके, इसके लिए पुलिस सदैव सुरक्षा में तत्पर है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

**सदा याद रहे कि दुआ कभी साथ नहीं छोड़ती और बद्दुआ कभी पीछा नहीं छोड़ती।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## व्यापारी समाज देश के विकास मे केंद्र बिंदु होते हैं–गिरीश यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा होली मिलन समारोह विवाह मैरिज हाल में आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री गिरीश यादव ने सभी व्यापारियों को होली की बधाई देते हुए कहा कि व्यापारी समाज देश की तरक्की में महत्वपूर्ण योगदान अदा करता है कार्यक्रम में उपस्थित जौनपुर उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष दिनेश टंडन ने नगर कमेटी के द्वारा आयोजित नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल और उनकी पूरी टीम को सुंदर आयोजन के लिए बधाई दिया और कहा कि ऐसे आयोजन से व्यापारियों में प्रेम और सद्भाव बढ़ता है अतिथि के रूप में उपस्थित सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह ने जौनपुर व्यापार मंडल के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम की सराहना किया और जौनपुर की होली की तुलना वृंदावन की होली से किया, सीओ सिटी कुलदीप गुप्ता ने होली की बधाई देते हुए कहां की नगर के व्यापारी भाइयों को जहां भी मेरी जरूरत होगी अपना संपूर्ण सहयोग देने का आश्वासन देता हूं, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने आए हुए सभी अतिथियों का अंगवस्त्रम के साथ पुष्प भेंट करते हुए मोती का माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी एवं सुभाष अग्रहरि प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनकर नगर संरक्षक मनोज गुप्ता, संयोजक विमल भोजवाल विवेक सेठ मोनू जिला महामंत्री रामकुमार साहू नगर महामंत्री दक्षिणी मुन्ना लाल अग्रहरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश जायसवाल महामंत्री उत्तरी मनोज कुमार साहू कोषाध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा बनवारी लाल साहू युवा जिला अध्यक्ष संतोष अग्रहरि अमर जौहरी उपस्थित रहे, ईश वंदना के बाद रंगारंग होली गीत बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किया गया और राधा कृष्ण की सुंदर झांकी और फूलों की होली का आयोजन कार्यक्रम को सुंदर रूप प्रदान कर




रहा था कार्यक्रम को सफल बनाने में निम्न पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा विनीत सेठ सतीश अग्रहरि नरेंद्र जायसवाल सूरज सोनी अशर्फीलाल जायसवाल लोकेश साहू सरदार तरनजीत सिंह मानिकचंद सेठ संतोष साहू सरदार रंजीत सिंह प्रमोद अग्रहरि संजय जाटवानी संजय बैंकर नरेश सेठ रामकुमार साहू अभिषेक सेठ संजीव अग्रवाल अशोक बैंकर हेमंत जायसवाल उमेश अग्रहरी विक्की सेठ मधुसूदन बैंकर राजकुमार सेठ संजीव यादव अरशद कुरैशी अनिल जायसवाल हरि ओम अरुण त्रिपाठी दिनेश सेठ विष्णु जायसवाल रविंदर अग्रहरि अमरनाथ गुप्ता शशांक सिंह संदीप गुप्ता मनीष सेठ विमल सिंह मनोज चतुर्वेदी डॉ क्षितिज शर्मा रमेश बरनवाल डॉक्टर एमएम वर्मा एस एम मुस्तफा इंद्रजीत मौर्य निरंजन सेठ रोसी सोनकर गौरव सेठ आकाश केसरवानी ओम प्रकाश जायसवाल सौरव बरनवाल सुरेंद्र जायसवाल ब्रह्ममेश शुक्ला संतोष सिंह रमेश जायसवाल अज्जू अग्रहरी संतोष अग्रहरी अशोक साहू अनिल मद्धेशिया, नीरज श्रीवास्तव, रत्नेश गुप्ता गणेश साहू रत्नेश सिंह, रमेश श्रीवास्तव नीरज शाह अजय देवा का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम में सभी तहसील से पदाधिकारी उपस्थित रहे,कार्यक्रम का सुंदर संचालन डॉक्टर हर्षित गुप्ता मनोज साहू मुन्ना लाल अग्रहरी ने संयुक्त रूप से किया आए हुए सभी अतिथियों का आभार कार्यक्रम संयोजक विमल भोजवाल व मनोज गुप्ता ने व्यक्त किया।

## नकारात्मकता से दूर रहने पर ही होता है व्यक्तित्व का विकास –डॉ सुनील

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना विश्वविद्यालय परिसर इकाई के विशेष शिविर उद्घाटन सत्र में सोमवार को व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्र निर्माण विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य वक्ता जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर और विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सुनील कुमार ने कहा कि व्यक्ति के आचरण –व्यवहार, शिक्षा, योग्यता, शालीनता, पहनावा, उदारता, त्याग, क्षमा, बौद्धिकता जैसे तत्वों को अपनाकर जो अपनी छवि को औरो से अलग प्रस्तुत करता है। इसे ही व्यक्तित्व विकास कहा जाता है। उन्होंने कहा कि नकारात्मकता से दूर रहकर ही व्यक्तित्व का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास की पहली सीढ़ी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ राजबहादुर यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विश्वविद्यालय एवं समाज को जोड़ने की कड़ी है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विनय वर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर विशाल यादव एवं कार्यक्रम की



रूपरेखा डॉ अजय मौर्या ने प्रस्तुत किया । इस अवसर पर डॉ शशिकांत यादव, कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया स कार्यक्रम में कर्मचारी के रूप में कयामुद्दीन, सर्वेश यादव ,मुन्ना,धमेलेश, एवं स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविका आलोक मौर्या, विवेक पांडे, सुमित तिवारी, अर्पित श्रीवास्तव, सौम्या राय ,हर्ष साहू ,विशाल सौरभ पाल आदि उपस्थित रहे।

## आयुर्वेदिक दवा बनाने की फैक्ट्री में विस्फोट : एक की मौत दो जख्मी : धमाके से दहला इलाका

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के उर्दू बाजार मोहल्ले में सोमवार दोपहर उस समय अफरा–तफरी और दहशत का माहौल बन गया जब एक आयुर्वेद दवा बनाने के की फैक्ट्री में विस्फोट होने से फैक्ट्री में कार्य कर रहे तीन लोग बुरी तरह से झुलस गए, जिसमे एक की मौके पर ही मौत हो गई , दो की हालत नाजुक देखते हुए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया है। यह फैक्ट्री घनी आबादी में होने के कारण दमकल की गाड़ियां मौके पर नही पहुंच पाई , फायर कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। ब्लास्ट के धमाके से पूरा इलाका दहल गया। बड़ी वारदात होने के बाद अब जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरे मामले की जांच करने की बात कह रहा है। नगर कोतवाली थाना अंतर्गत उर्दू बाजार में घनी आबादी में अलम्पिक लैबोरेट्री नाम से आयुर्वेद दवा बनाने की फैक्ट्री काफी दिनों से चल रहा था। सोमवार की दोपहर इस दवा कारखाने में तेज आवाज के साथ विस्फोट हो गया। विस्फोट के चलते पूरे फैक्ट्री में आग लग गया। जिसके कारण पूरे इलाका दहल गया। इस हादसे में कारखाने के मालिक नुर मोहम्मद, तथा उनके परिवार के सदस्य फैज और रेयाज बुरी तरह से झुलस गए। तीनो को जिला अस्पताल ले जाया गया , जहां पर इलाज के दरम्यान नूर मोहम्मद की मौत हो गई । फैज और रेयाज की हालत नाजुक देखते हुए ट्रामा सेंटर वाराणसी भेज दिया गया। इस मामले में मौके पर पहुचे जिला अग्निशमन अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके के लिए रवाना की गई थी लेकिन रास्ता सकरा होने के कारण छोटी गाड़ी भी घटना स्थल नही पहुंच पाई, लम्बी पाइप जोड़कर किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। दवा फैक्ट्री में आग कैसे लगी है इसकी जानकारी नहीं है इनके पास फायर विभाग का कोई लाइसेंस भी नहीं है आगे जांच पड़ताल की जा रही है। वह इस मामले पर घायलों का हालचाल लेने जिला अस्पताल पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह ने बताया कि दवा खाने में फास्फोरस और सल्फर मिलाकर दवा बनाया जा रहा था, उसी समय विस्फोट होने से फैक्ट्री मालिक नूर मोहम्मद, उनके परिवार के रेयाज और फैज बुरी तरह से झुलस गए तीनो को जिला अस्पताल भेजा गया , जिसमे नूर मोहम्मद की मौत हो गई , रेयाज और फैज की हालत नाजुक होने के कारण ट्रामा सेंटर वाराणसी भेजा गया है ।फैक्ट्री का लाइसेंस था या नही इस सवाल के जवाब में सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि इसकी जांच की जा रही है। हेलो सिटी में चीट कहना है कि समय–समय पर शॉपिंग मॉल होटलों की जांच पड़ताल की जाती है बावजूद इसके घनी आबादी में यह कैसे चल रहा था यह जांच का विषय है। घायलों का इलाज कर रहे डॉक्टर इश्तियाक अहमद ने बताया कि यह कोई ज्वलनशील पदार्थ से विस्फोट हुआ है जिसमें 3 लोग झूलसे थे यहां आने पर एक की मौत हो गई है घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। बड़ा सवाल ये उठता है कि जब सिटी मजिस्ट्रेट यह दावा कर रहे हैं इस समय समय पर होटलों में शॉपिंग माल में बड़ी बिल्डिंग में बराबर इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए चेकिंग की जाती है तो ऐसे में घनी आबादी के बीच में आयुर्वेदिक दवा बनाने की फैक्ट्री किस के शह पर चल रही थी क्या इनके पास स्वास्थ्य विभाग का लाइसेंस फायर विभाग की एनओसी , जिला अस्पताल द्वारा जिला प्रशाशन द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा विज्ञान /विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले सर्टिफिकेट जिनके आधार पर ये फैक्ट्री संचालित हो सकती है क्या फैक्ट्री मालिक के पास यह सारे दस्तावेज उपलब्ध थे या नहीं यदि नहीं थे तो इनके लिए जिम्मेदार कौन है और उनके खिलाफ कार्रवाई कब तक की जाएगी ।जिला प्रशासन के लिये ये बड़ा सवाल है।

## पर्यावरण को बचाना हम सब का कर्तव्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय सेवा योजना मोहम्मद हसन पी जी कॉलेज जौनपुर द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन एक संगोष्ठी का कार्यक्रम किया गया, जिसमे कार्यक्रम की अध्यक्षता डा राकेश कुमार बिंद ने किया, सर्वप्रथम अहमद अब्बास खान ने आए हुए



अतिथियों का स्वागत किया,कार्यक्रम में युवा मुख्य अतिथि उद्देश्य सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रत्येक छात्रों को प्रति वर्ष एक एक वृक्ष लगाना चाहिए,तभी अपने देश की सुंदरता बढ़ेगी,,और शुद्ध वातावरण बनेगा,और जल सरंक्षण को लेकर लोगो को जागरूक करने का हम सभी का दायित्व है,जन जन तक अपने समाज को मजबूत बनाने में भुमिका निभाए, श्री सिंह ने कहा कि हम सभी युवाओं को आगे आकर एकता बनाकर मजबूत साथ दे अपने देश का अपने समाज का तभी हम युवा शक्तिशाली बन पायेंगे। प्रवीण यादव ने अपने भाव को अपने कविता के माध्यम से समाज को आगे ले जाने की बात कही, तभी हमारा देश आगे बढ़ेगा,,आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन डा राकेश कुमार बिंद ने किया, इस बीच डा ममता सिंह कार्यक्रम अधिकारी डॉ विवेक विक्रम सिंह,डा नीलेश सिंह, सुमित सिंह, दिब्यांसु सिंह,आंचल मौर्या राजन पांडेय, आदित्य, राकेश मौर्य,शिवम अग्रहरी , एवम समस्त छात्र/छात्रा उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन सुमित सिंह ने किया।

## विद्युत कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विद्युत कर्मचारी संयुक्त सघर्ष समिति के केन्द्रीय आवाह्न पर पूरे प्रदेश के साथ–साथ जौनपुर में मुख्यालय पर स्थित 132 के0वी0 अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय जौनपुर के परिसर में समय दोपहर 03:00 बजे से 05:00 बजे तक



विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले ई0 आतिश कुमार यादव की अध्यक्षता में कार्य बहिष्कार हुआ, जिसमें जनपद के ऊर्जा क्षेत्र के कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर, अभियन्ता, संविदा कर्मियों ने भारी संख्या में भाग लिया। सभा में मुख्य रूप से ऊर्जामंत्री के साथ हुए समझौते का क्रियान्वयन न होने से बिजली कर्मियों में भारी रोष है। निगम प्रबन्धन के स्चेच्छाचारी, तानाशाही पूर्ण रवैये के विरूद्ध जमकर विरोध/कार्य बहिष्कार किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए संघर्ष समिति के जनपद संयोजक श्री निखिलेश सिंह ने कहा कि प्रबन्धन द्वारा किये गये समझौते को पूर्ण नहीं किया जाता है तथा बिजली कर्मचारियों का दमन किया जाता है एवं हड़ताल के दौरान कर्मचारियों का उत्पीड़न होता है तो समस्त कर्मचारी जेल भरो आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। सभा में ई0 पंकज जायसवाल, ई0 अभिषेक केसरवानी, श्री संजय यादव, आदि ने अपने विचार व्यक्त किये तथा कहा गया कि प्रबन्धन अगर अपनी जिद्द पर अड़ी रही तो हम कर्मचारी बाध्य होकर हड़ताल करेंगे ई0 धमेन्द्र कुमार, ई0 विरेन्द्र पाल, ई0 सौरभ मिश्रा, ई0 अशोक कुमार सिंह, ई0 धमेन्द्र मौर्या, श्री अश्वनी श्रीवास्तव, श्री विश्राम मौर्या, श्री निधि श्रीवास्तव, श्री संतोष श्रीवास्तव, श्री मोहन पान्डेय, श्री अमित खरे, श्री इन्द्रजीत पाल, श्री सागर श्रीवास्वत, श्री गिरीश यादव श्री प्रीतम श्रीवास्तव एवं भारी संख्या में कर्मचारी एवं संविदा कर्मी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन बिजली कर्मचारी संयुक्त सघर्ष समिति के संयोजक निखिलेश सिंह द्वारा किया गया।

## अवैध मादक पदार्थ के साथ आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार ।सोहावल–अयोध्या। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत रौनाही पुलिस ने आज एक और बड़ी सफलता प्राप्त किया है ।रौनाही थाना प्रभारी सन्तोष कुमार सिंह ने आज इसी अभियान के अंतर्गत पुलिस उप–निरीक्षक अमित कुमार व अशोक कुमार हमराही का0 राम प्रवेश यादव के साथ क्षेत्र गस्त पर थे कि मुखबिर से सूचना मिली कि मकसूमगंज के पास एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है स और कहीं भागने की फिराक में है ।सूचना पर पहुँची पुलिस ने उसे धर दबोचा ।पूछताछ में उसने अपना नाम संतोष साहू पुत्र राज कुमार साहू निवासी मकसूमगंज थाना रौनाही जिला अयोध्या बताया ।जामा तलाशी करने पर इसके पास 10 ग्राम अवैध मार्फिन बरामद हुई ।इस बारे में रौनाही थाना प्रभारी सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि इसके ऊपर रौनाही थाने से कई धारा में मुकदमा दर्ज हुआ ।आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

## कैंट पुलिस ने कुर्की के तहत की कार्यवाही

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) थाना कोतवाली कैण्ट पुलिस टीम ने त्रयूपी गैगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या से सम्बन्धित आरोपी नितिन कुमार पुत्र ज्ञान चन्द्र सिन्धी निवासी 858 रीडगंज हमदानी कोठी थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या द्वारा अपराध अर्जित की गयी एक वाहन 14(1) की कार्यवाही के तहत कुर्क की गयी ।प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा थाना कैण्ट जनपद अयोध्या ने वरिष्ठ उप निरीक्षक अजय कुमार द्विवेदी थाना कैण्ट उप निरीक्षक श्रीपति यादव थाना कोतवाली नगर व महिला उप निरीक्षक रेखा सिंह थाना कोतवाली नगर के साथ धारा 3(1) यूपी गैगेस्टर एक्ट मे अभियुक्त नितिन कुमार पुत्र ज्ञान चन्द्र सिन्धी निवासी 858 रीडगंज हमदानी कोठी थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या द्वारा अपराध अर्जित एक वाहन 14(1) की कार्यवाही थाना कैण्ट द्वारा किया गया ।जिसमे वाहन संख्या यूपी 42 – बीई– 7764 जिनकी अनुमानित कीमत नब्बे हजार रुपये जप्त कर कार्यवाही किया गया।

## केंद्र के समान मेमोरेंडम जारी कर पुरानी पेंशन से आच्छादित करें मुख्यमंत्री – राम मूरत यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद जौनपुर के जिला अध्यक्ष राम मूरत यादव के नेतृत्व में एवं समस्त पदाधिकारियों व शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में माननीय मुख्यमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी जौनपुर के माध्यम से दिया गया। ज्ञापन में यह कहा गया है कि भारत सरकार के पेंशन मंत्रालय द्वारा दिनांक 3 मार्च 2023 को जारी कार्यालय ज्ञाप(मेमोरेंडम) संख्या 57/05/2021 च ॅ द्वारा नई अंशदाई पेंशन योजना की अधिसूचना दिनांक 22/12/2003 से पूर्व विज्ञापित पदों / रिक्तियों के सापेक्ष नियुक्त कर्मियों को दिनांक 1 जनवरी 2004 से पूर्व प्रभावी पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित होने का अवसर प्रदान किया गया है। केंद्र सरकार के वेतन /पेंशन से संबंधित समस्त प्रक्रियागत आदेश उत्तर प्रदेश में भी समान रूप से लागू होते रहें हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचना दिनांक 28/03/2005 द्वारा नवीन अंशदाई पेंशन योजना दिनांक 1 अप्रैल 2005 से प्रभावी की गई है। अतः भारत सरकार के उपरोक्त कार्यालय मेमोरेंडम दिनांक 3 मार्च 2023 के अनुरूप उत्तर प्रदेश में शासनादेश जारी करने की कृपा करें। जिससे अधिसूचना दिनांक 28 मार्च 2005



से पूर्व अधिसूचित /विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष नियुक्त समस्त शिक्षकों/कर्मचारियों को दिनांक 1 अप्रैल 2005 से पूर्व प्रभावी पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिल सके। ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री संजय कुमार मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत कुमार पटेल एवं प्रमोद यादव जिला मीडिया प्रभारी विजय श्रीवास्तव जिला कोषाध्यक्ष निरंजन यादव जिला संयुक्त मंत्री बृजेश सिंह इन्दु प्रकाश यादव (जिला मीडिया प्रभारी अटेवा)राजन सिंह सुधाकर राजेंद्र सिंह दिनेश सिंह विजय यादव रमाशंकर महेंद्र जेपी सिंह आशीष सिंह काशी नंदन मिश्रा रविंद्र प्रताप सिंह मनोज कुमार सिंह शैलेंद्र पाल लालचंद अशोक राव स्वतंत्र कुमार धर्मेंद्र सिंह राजेश राम सिंह बेगम सुनीता विजय नंदिनी विभा सिंह नीलम सिंह सहित तमाम शिक्षक/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## व्यक्ति नहीं आदर्श महत्वपूर्ण होते हैं –प्रो आलोक कुमार सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 'व्यक्ति नहीं आदर्श महत्वपूर्ण होते हैं ।जब तक व्यक्ति के आदर्श नष्ट नहीं होते तब तक मनुष्य निर्जीव नहीं होता। भारत गरीबी, भुखमरी, अकाल को झेल कर भी जिंदा है और भारतीय सनातन संस्कृति लगातार अपने महत्व को बनाए हुए है। इसके पीछे यही कारण है कि भारत का आदर्श जिंदा है।' उक्त वक्तव्य तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय,जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.आलोक कुमार सिंह ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि रोम मिट गया, क्योंकि उसका उद्देश्य था शक्ति के माध्यम से साम्राज्य का विस्तार करना और यूनान भी मिट गया, क्योंकि उसका उद्देश्य था बुद्धि से दुनिया पर शासन करना, किंतु भारत लगातार प्रगति पथ पर अग्रसर है, क्योंकि भारत का स्वर है–धर्म और जहॉ धर्म होता है, वहॉ प्रगति होती है। इससे पूर्व प्रथम सत्र में शिविरार्थियों ने स्वच्छता कार्यक्रम चलाया। स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत आसपास की गंदगी को फावड़े से साफ किया गया तथा कूड़ा करकट को कूड़ेदान में डाला गया। इस सत्र में शिविरार्थियों को संबोधित करती हुई हिंदी विभाग की डॉ.अंजना सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें सामूहिक रूप से कार्य करना सिखाती है ।साथ–ही–साथ एनएसएस के माध्यम से हमारे अंदर अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम में बोलते हुए वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रो.राजीव रतन सिंह ने कहा स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि हमारे देश में अनेकों संप्रदाय हैं और यह आवश्यक है, क्योंकि जितने संप्रदाय होंगे लोगों को उन्हें चुनने में उतनी ही सुगमता होगी। कार्यक्रम अधिकारी एवं हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि कोई भी कार्य



करने के लिए निष्ठा की अति आवश्यकता होती है, यदि हमारे मन में कार्य के प्रति निष्ठा नहीं है तो वह कार्य होना संभव नहीं है। हमें एकाग्र होकर के अपना काम करना चाहिए। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी एवं रसायन विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.विपिन सिंह ने कहा कि आज के युग में बुद्धि और विवेक दोनों की आवश्यकता है। बिना विवेक के बुद्धि का कोई महत्व नहीं है। गणित विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जितेश सिंह ने बताया कि हमें लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करना चाहिए और लक्ष्य की पूर्ति के लिए जी–जान से प्रयास करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना की छः इकाइयों के स्वयंसेवकों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 300 शिविरार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में अंतिमा पाल,सुष्मिता यादव, आस्था सिंह, प्रिंसी दत्त, स्वाति देवी, सुमन यादव, वेदिका पाल, अंशिका सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, रवि शर्मा, राहुल यादव, रवि पाल,विकास कुमार,हर्ष सिंह,राजन सिंह, विशाल वर्मा आदि ने गीत एवं कविता प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन मनोविज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ.माया सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ.महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने किया।

## दुल्हन के पिता ने बारात में महिलाएं न लाने की रखी शर्त : टूटी शादी

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : शादी के ऐन मौके पर लड़की के घर वालों ने लड़के वालों को बारात लाने से मना कर दिया। इसको लेकर लड़के पक्ष ने पुलिस में शिकायत की ।वहीं,लड़की वालों ने शादी रिश्ते के एक लड़के से कर दी ।विवाद की वजह बड़ी अजीबो–गरीब थी ।बताया गया कि लड़की के पिता ने बारात में महिलाओं को न लाने की शर्त रखी थी ।इस वजह से शादी टूट गई। मामला बल्दीराय थाना क्षेत्र के पारा बाजार स्थित नई बस्ती गांव का है ।मुताबिक गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री का विवाह जिले के गोसाईगंज थाना अंतर्गत सुरौली गांव इशरत के पुत्र इमरान के साथ करीब 6 माह पहले तय किया था। 12 मार्च को शादी की तारीख तय हुई थी। इशरत द्वारा दी गई तहरीर में उल्लेख किया गया है कि 11 मार्च को रात 10 बजे लड़की के पिता ने फोन किया ।उसने कहा कि मेरे घर बारात में महिलाओं को लेकर नहीं आना। इसके बाद कहा कि बारात मत लाना। इसके बाद तो शादी वाले घर में हड़कंप मच गया। उधर रातों–रात लड़की के पिता ने धनपतगंज में अपनी पत्नी के भाई के लड़के से शादी पक्की कर दी ।रविवार को वह बारात लेकर आया और निकाह हो गया। वही लड़की के पिता का कहना है कि इशरत द्वारा दहेज में पहले साधारण बाइक मांगी गई थी ।जो हम लोगों ने ले भी ली थी ।कल रात में फोन आया कि अपाचे बाइक चाहिए और आज सुबह चार पहिया वाहन की मांग की गई ।वहीं,आस पड़ोस में चर्चा है कि स्वयं लड़की ने ही रिश्ते से इनकार किया तो परिवार वालों के हाथ पांव फूल गए ।फिलहाल इस मामले में थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है ।दोनों पक्ष को थाने पर बुलाया गया है।

## ज्ञानसेतु ने ड्रॉपआउट बच्चों को शिक्षा से जुड़ाव बनाने की १०वी वर्षगांठ का उत्सव मनाया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊः स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन (शेफ) की इकाई ज्ञानसेतु ने मंगलवार 14 मार्च को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में अपना पहला खेल दिवस आयोजित किया। 70 अलग–अलग स्थानों से छह जिलों के 680 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। स्पोर्ट्स मीट का उद्घाटन मुख्य अतिथि अजय सिंह, प्रिंसिपल, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के साथ शेफ की संस्थापक एवं सीईओ डॉ. उर्वशी साहनी ने किया। 2011 में स्थापित ज्ञानसेतु ने 10 साल पूरे होने पर समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत जोन डिस्प्ले मार्च के साथ हुई, जिसके बाद बच्चों ने योग प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हूप ड्रिल रहा। समारोह में रेस और अन्य पीटी डिस्प्ले साथ ही ताइक्वांडो और रस्साकशी जैसे कार्यक्रमों का प्रदर्शन हुआ । अजय सिंह ने बच्चों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत की सराहना की और कहा, "बच्चों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और अधिक माता–पिता को अपने बच्चों, विशेषकर लड़कियों को खेल को करियर के रूप में अपनाने देना चाहिए। बच्चे के विकास के लिए एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज जरूरी हैं। सीतापुर डॉ उर्वशी साहनी ने कहा, "अपने बच्चों को इतना अच्छा प्रदर्शन करते देख हम सभी बहुत खुश हैं। यह हमारे बच्चों के लिए एक अद्भुत अनुभव है। हमारे बच्चे पहली बार मैदान पर उतरे हैं और उन्होंने इतना अच्छा प्रदर्शन किया है। ज्ञानसेतु के माध्यम से, हमारा लक्ष्य हर उस बच्चे को शिक्षित करना है, जो किसी कारणवश शिक्षण प्राप्त करने में असमर्थ है। ज्ञानसेतु उत्तर प्रदेश के छह जिलों लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी, अयोध्या और प्रतापगढ़ में चल रहे सामुदायिक परिवर्तन के केंद्र हैं। वर्तमान में, ऐसे 139 केंद्र स्कूल न जाने पाने वाले 4000 से अधिक बच्चों को औपचारिक स्कूली शिक्षा में भेजने के उद्देश्य से उनकी शिक्षा को गति देकर शिक्षित करने का कार्य करता हैं। ज्ञानसेतु केंद्रों में पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों के लिए एक स्थायी और देखभाल करने वाली सहायता प्रणाली बनाने के लिए समुदाय के सदस्य भी शामिल हैं। पुरस्कार वितरण और प्रेरणा गर्ल्स छात्राओं के द्वारा नृत्य के साथ खेल आयोजन का समापन हुआ।

